# जनता ने दी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, उनकी समस्या अवश्य सुनें और करें निराकरण - उइके

**» राज्यपाल से रायपुर नगर निगम के पार्षदों के प्रतिनिधिमण्डल ने की सौजन्य मुलाकात**

**रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में पार्षदों के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि जनता ने आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।**





आप उनका ध्यान रखें। यदि आपके पास वे अपनी समस्या लेकर आते हैं, उनकी बातों को ध्यान से सुने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। राज्यपाल ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते अपना मोबाईल बंद न रखें। लोगों की छोटी-छोटी समस्याएं होती है, वे आपसे ही संपर्क करेंगे, उनका फोन जरूर उठाएं, हो सके तो त्वरित समाधान करने की कोशिश करें। राज्यपाल ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखें।

रायपुर शहर को स्वच्छता के लिए पहले भी पुरस्कार मिला है, यह प्रयास करें कि रायपुर को देश में स्वच्छता की श्रेणी में अव्वल स्थान मिले। इस अवसर पर सभी पार्षदों ने अपना परिचय दिया। पार्षदों ने राजभवन का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर सभी पार्षदगण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तमनार बस्ती में सट्टा पट्टी लिखने वाले पर कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तमनार थाने में दिनांक 01/02/2020 के शाम करीब 16/45 बजे कार्यरत निरीक्षक एस.के.दुबे एवं हमराह स्टाफ द्वारा तमनार बस्ती में रहने वाला दिनदयाल साव सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। संदेही को घर के सामने सट्टा पर्ची लेते हुए पकड़ा गया। आरोपी दिनदयाल साव पिता धनुर्जय साव उम्र 67 वर्ष साकिन तमनार थाना तमनार से नगदी रकम 1,300 रू. 02 प्रति सट्टा पट्टी एवं 01 नग पेन, जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### प्रायोगिक परीक्षाएं 3 फरवरी से

**रायपुर (आरएनएस)।** रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के द्वारा निजी छात्रों के लिए भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए डिग्री गर्ल्स कॉलेज को सेंटर बनाया गया है प्रायोगिक परीक्षाएं 3 फरवरी से शुरू हो रही है और 8 फरवरी तक जारी रहेगी 3 और 4 फ रवरी के बीए प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी इसी प्रकार 6 और 7 फ रवरी को द्वितीय वर्ष की 8 फरवरी को अंतिम वर्ष की परीक्षाएं होंगी परीक्षार्थी शासकीय दोहरी बजरंग महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

### शासकीय क्वाटर में लगे बिजली का तार चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शासकीय क्वाटर में लगे 60-60 फीट के बिजली तार चोरी किए जाने की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 29 जनवरी को सेक्टर 17 ब्लॉक सी-2 कोटराभाठा नया रायपुर में किसी ने पंकज कुजुर 29 वर्ष के शासकीय क्वाटर में लगे 60-60 फीट का लगे बिजली तार कीमत 7 हजार रूपए को चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 379 के तहत चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में कल मोहम्मद अकबर उपस्थित रहेंगे कांग्रेस भवन में

**रायपुर (आरएनएस)।** सोमवार 3 फरवरी को मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में वन आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर दोपहर 1. 00 बजे से राजीव भवन में कांग्रेसजनों से मिलेंगे एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियो और जनसामान्य से मुलाकात कर अपने विभाग से संबंधित समस्याओं, शिकायत एवं सुझाव पर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर मुलाकात कार्यक्रम के बाद राजीव भवन में उपस्थित मीडिया के साथियों से भी चर्चा करेंगे। मुलाकात कार्यक्रम का समन्वय महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा करेंगे।

### ऑल इंडिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आज से

**रायपुर (आरएनएस)।** ऑल इंडिया सिक लीव प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आज से किया जा रहा है यह टूर्नामेंट रायपुर स्थित विप्र कॉलेज मैदान में खेला जाएगा इस टूर्नामेंट में देश भर से 24 टीमें पार्टिसिपेट कर रही है कलगीधर साहिब युवा कमेटी की ओर से इस टूर्नामेंट का आयोजन धर्म के प्रति अधिक युवाओं को जागरूक करने के लिए किया जा रहा है।

### सट्टा पट्टी व अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** पुरानी बस्ती व सेजबहार पुलिस ने सट्टा पटटी व अवैध शराब के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी रूपये सट्टा पट्टी एवं अवैध शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टा पट्टी लिखते पाए जाने पर गांधी मैदान ब्रम्हपुरी पुरानी बस्ती में कादीर खान 30 वर्ष पिता सलीम खान को गिरफ्तार कर उसके पास से सट्टा पट्टी व नगदी 1950 रूपये जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 4 क के तहत कानूनी कार्यवाही की गई है।

## छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में कई पटवारी और आरआई लगा रहे सेंध

**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नजूल पट्टेदारों को मालिकाना हक देने तथा रिक्त भूमि को बाजार मूल्य से 152 प्रतिशत की दर पर खरीददारों को देने की महत्वाकांक्षी योजना में कुछ पटवारी और आरआई द्वारा सेंध लगा कर अपनी जेब भरने का जो अभियान चलाया गया है। उससे छत्तीसगढ़ शासन को न केवल राजस्व की हानि हो रही है बल्कि कई विवाद राजस्व न्यायालय एवं जिला न्यायालय में बढ़ते जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शासन की मंशा बहुत ही साफ थी कि जो पट्टेदार हैं उन्हें मालिकाना हक दिया जाए और जो अवैध कब्जे दार हैं उन्हें भी विधिवत शुल्क लेकर मालिकाना हक दिया जाए परंतु रायगढ़ में कुछ शातिर पटवारी एवं आरआई जिन्हें रिक्त नजूल भूमि को सूचीबद्ध करने का काम दिया गया था और उसे संरक्षित रखने का काम दिया गया था ताकि उसके विक्रय से शासन के खाते में राजस्व की प्राप्ति हो वे उसे अपनी सल्तनत समझकर नए कब्जेदारो को उकसा कर कब्जा करवा रहे हैं। नए कब्जे दार सिर्फ कब्जा कर रहे हैं वे मालिकाना हक लिए आवेदन नहीं कर रहे हैं उन्हें पता है कि एक बार कब्जा हो गया तो उन्हें हटाया नहीं जाएगा इसी आपाधापी में आरआई और पटवारी निजी भूमि मालिकों की भूमि पर भी कब्जा करवाने से नहीं चूक रहे हैं और इस तरह एक दुश्मनी और वैमनस्य का वातावरण तैयार किया जा रहा है। कई सारे नए विवाद सामने आ रहे हैं और लोग राजस्व विभाग और जिला न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं। शासन ने साफ किया था कि निर्धारित तिथि तक जो कब्जे हो गए हैं केवल उन्हें ही इसका लाभ मिलेगा शेष रिक्त भूमि को एक से अधिक खरीददार होने पर अधिक राजस्व के लिए नीलाम करेंगे। परंतु कुछ बाज किस्म के शातिर लोगों ने इसे धंधा बना लिया है यहां तक कि निजी भूमियों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के घर बनाने के लिए भी लोगों को उकसाया है।

## बालिका से दुष्कर्म, आरोपी पुलिस हिरासत में



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना लैलूंगा में दिनांक 02.02.2020 को 16 वर्षीय बालिका के पिता द्वारा इसकी नाबालिग लड़की के साथ ग्राम जामबहार ढिठोरीआमा में रहने वाले शिव शंकर उरांव पिता जयराम उरांव उम्र 19 वर्ष द्वारा घर आकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। बालिका के पिता ने बताया कि दिनांक 01.02.2020 के शाम करीब 7-30 बजे शादी कार्यक्रम में गए हुए थे। बालिका घर में अकेली थी। शादी कार्यक्रम से लौटकर रात्रि 10-00 बजे घर आए तो बालिका बताई कि करीब 08.30 बजे जाम बहार का शिव शंकर उरांव आकर बलपूर्वक दुष्कर्म कर भाग गया है। बालिका के पिता द्वारा डायल 112 को सूचना देकर बालिका को साथ लेकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया तथा घटना की रिपोर्ट थाना लैलूंगा में दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर आरोपी शिव उरांव के विरुद्ध अपराध क्रमांक 15/2020 धारा 376 भादंवि 6 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी शिव शंकर उरांव को लैलूंगा पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

## पुरानी रंजिश पर निकाली तलवार, आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सम्बलेश्वरी मंदिर के पास नया गंज थाना कोतवाली निवासी कृष्णा साहू पिता विनोद कुमार साहू उम्र 28 वर्ष द्वारा आज दिनांक 02.02.2020 के दोपहर कोतवाली पेट्रोलिंग को सूचना दिया कि उसके मोहल्ला का अशोक दिवान पिता परमेश्वर दिवान उम्र 56 वर्ष निवासी सम्बलेश्वरी मंदिर के पास नया गंज रायगढ़ तलवार लेकर गाली गलौज कर मारने पीटने की धमकी दे रहा है । सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर जाकर अशोक दिवान को एक तलवार के साथ पकड़ कर थाना लायी । थाना कोतवाली में अशोक दीवान उम्र 56 वर्ष के विरुद्ध कृष्णा साहु के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 100/2020 धारा 294, 506 भादंवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

## प्रापर्टी टैक्स जमा करने जोन 7 में निगम में लगाया शिविर

**रायपुर (आरएनएस)। रायपुर नगर निगम प्रशासन ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में टैक्स वसूली शत-प्रतिशत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए आज रविवार को भी जोन कमिश्नरी में टैक्स जमा करने शिविर लगाया हुआ है।**




निगम सूत्रों ने बताया कि 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में टैक्स वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए आज रविवार को अवकाश के दिन भी निगम के जोन कमिश्नरी वार्डों में अलग-अलग जगहों पर प्रापर्टी टैक्स जमा करने के लिए शिविर लगाया है। निगम आयुक्त ने भी इस आशय का निर्देश मातहत अधिकारियों को दिया था कि अवकाश के दिनों में भी प्रापर्टी टैक्स जमा करने वालों के लिए पृथक से काउंटर खोले जाएं।

इसी क्रम में आज जोन-7 कमिश्नरी 9 वार्डों में अवकाशकालीन राजस्व वसूली शिविर लगाया गया है। यहां आज नागरिक अपनी-अपनी संपत्तियों के कर एवं अन्य कर जमा कर सकते हैं।

## आयकर प्रैक्टिशनर एसोसिएशन का बजट पर सेमिनार 4 को

**रायगढ़ (आरएनएस)।** केंद्रीय बजट पर चर्चा एवं इसमें आए बदलावों को समझने के लिए आयकर प्रैक्टिशनर एसोसिएशन रायगढ़ द्वारा आगामी 4 फरवरी दिन मंगलवार शाम 6.30 बजे स्थानीय होटल अंश के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस सेमिनार में आयकर अधिवक्ता आयकर सलाहकार सनदी लेखाकार लेखापाल आम करदाता व्यापारी व्यवसायी चेंबर सदस्य वेतन भोगी करदाता सभी आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयकर अधिकारी वार्ड 1 सुजीत विश्वास आयकर अधिकारी वार्ड दो एवं तीन जितेंद्र सिंह की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इस सेमिनार में सनदी लेखाकार आलोक अग्रवाल आयकर अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री हीरा मोटवानी बजट पर अपनी बात रखेंगे और चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष बजट में कुछ नए प्रावधान शामिल होते हैं जिन्हें हर आम नागरिक को जानना अत्यंत आवश्यक होता है ताकि वह आने वाले समय के लिए इन प्रावधानों के तहत अपनी आर्थिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए और अपने नागरिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए अपनी आर्थिक रूपरेखा तैयार कर सके। इस बार आयकर जीएसटी और संपत्ति पंजीकरण डिविडेंड टैक्स में कई बदलाव आए हैं जिन्हें जानना अत्यंत आवश्यक है।

यह सेमिनार सशुल्क है और सेमिनार के बाद रात्रि भोज का भी आयोजन है। स्थान सीमित है अतः पहले आओ पहले पाओ फार्मूले के अनुसार ही इसमें शामिल हुआ जा सकता है अधिक जानकारी के लिए बाबूलाल अग्रवाल अध्यक्ष आयकर प्रैक्टिशनर एसोसिएशन और हीरा मोटवानी महामंत्री छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स से संपर्क किया जा सकता है एवं अग्रिम बुकिंग हेतु अपना नाम नोट कराया जा सकता है।

## बीमार शिशुओं के उपचार के लिए विशेष शिशु देखभाल केन्द्र बना संजीवनी

**» अब तक 690 शिशुओं को हो चुका है बेहतर उपचार**



**रायपुर।** प्रदेश के कोण्डागांव जिला चिकित्सालय में स्थापित विशेष नवजात शिशु देखभाल केन्द्र 'नन्हें' शिशुओं के उपचार लिए एक संजीवनी की भूमिका निभा रहा है। उल्लेखनीय है कि गतवर्ष 26 जनवरी को स्थापित इस केन्द्र में अब तक जिले के 690 शिशुओं का उपचार हो चुका है। जिला मुख्यालय में स्थित नन्हे शिशुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण होने से पालकों को अब महंगे उपचार से राहत मिलने से लोगों में खुशी व्याप्त है।

शासन की पहल पर जिले के दुरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के नवजात शिशुओं में कम वजन, कमजोरी, सांस लेने संबंधी परेशानियां और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं का बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में विशेष नवजात शिशु देखभाल केन्द्र स्थापित किया गया है। उक्त केन्द्र बनने के पूर्व प्रसव उपरान्त नवजात शिशुओं में पाई जाने वाले विकारों के उपचार के लिए आपात स्थिति में जगदलपुर मेडीकल कॉलेज रिफर करना पड़ता था। ऐसे विषम परिस्थितियों में पालकों के समक्ष शिशुओं के उपचार के लिए अन्यत्र शहर जाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नही रहता था परन्तु अब जिला चिकित्सालय में स्थित विशेष नवजात शिशु देखभाल केन्द्र में दो वेटीलेटर, 6 फोटो थेरेपी मशीन एवं ट्रांस्पोटिंग इक्यूबेटर सहित अन्य चिकित्सा उपकरण लगाये गये है। इस केन्द्र में 12 शिशुओं को एक साथ रखे जाने की व्यवस्था है। इस विशेष शिशु देखभाल केन्द्र में दो चिकित्सक शिशु रोग विशेषज्ञ सहित 11 स्टाफ नर्सें कार्यरत हैं।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480